वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Fax.: (05452) 252344,252244
Email: connectpuregistrar@gmail.com
Web: www.vbspu.ac.in

पत्रांक : 1080 / प्रवेश सेल / 2024 दिनांक : 19 सितम्बर .2024

बी0पी0एड्0 पाठ्यक्रम सत्र 2024–2026
में रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश सम्बन्धी सूचना

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित बी0पी.एड्0 पाठ्यक्रम सत्र 2024–2026 में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष **शारीरिक दक्षता परीक्षा/द्वितीय काउंसिलिंग दिनांक 15 एवं 16 अक्टूबर 2024 को एकलब्य स्टेडियम में प्रातः 07:00 से आयोजित होगी।** प्रथम दक्षता परीक्षा से वंचित पंजीकृत अभ्यर्थी भी उपरोक्त तिथियों में प्रतिभाग कर सकते है।

बी.पी.एड. में प्रवेश हेतु अब तक आवेदन से वंचित अभ्यर्थियों के लिये ऑन–लाईन आवेदन फार्म का भरने का विकल्प खोला जा रहा हैं, जिसकी अन्तिम तिथि 13 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गयी है। **जो अभ्यर्थी सत्र–2024 की पात्रता अर्हता परीक्षा के अन्तिम वर्ष या सेमेस्टर में सम्मिलित हैं, वे अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते है।**

उक्त आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क रू. 1,000=00 सामान्य वर्ग एवं पिछड़े वर्ग के लिये तथा रू. 750=00 अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग हेतु आनलाईन ही स्वीकार की जायेगी। **द्वितीय दक्षता परीक्षा/काउंसिलिंग में उपस्थित होने वाले अभ्यथियों को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त आयोजित काउंसिलिंग में अपने समस्त शैक्षिक व खेल–कुद से सम्बन्धित मूल व छाया प्रति प्रपत्रों के साथ उपस्थित हो।** अभ्यर्थियों के लिये आवश्यक नियम, निर्देश, आवेदन फार्म, महत्वपूर्ण तिथियाँ आदि विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.vbspu.ac.in** पर उपलब्ध हैं।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समन्वयक/सदस्य, बी.पी.एड. (सत्र 2024–26) प्रवेश समिति।
2. प्राचार्य/संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, बी.पी.एड. विषय संचालित महाविद्यालय, सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3. निजी सचिव–कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
5. मीडिया प्रभारी–विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सूचना को सम्बन्धित समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. मैसर्स यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, 10 अशोक मार्ग, लखनऊ।

कुलसचिव